प्रश्न सं. [क्र. 534]

कार्यालय अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग मंडल उज्जैन

दूरभाष क्र. (0734) 2552016 – फेक्स क्र. (0734) 2582213
E-mail : sepwdujjain-mp@mp.nic.in

परिशिष्ट–1

"निरीक्षण टीप"

दिनांक 27.01.2021 को अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा महिदपुर उपसंभाग संभाग उज्जैन के अन्तर्गत आने वाली **घटिया जगोटी खेडाखजुरिया मार्ग लंबाई 14.20 कि.मी.** का निरीक्षण श्री देवेन्द्र तिवारी अनुविभागीय अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। यह मार्ग योजना मद में निर्मित होकर परफारमेंस ग्यारंटी के अधीन दिनांक 30.07.2024 तक है। निरीक्षण प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नानुसार प्रस्तुत है:–

1. कि.मी. 1/2 में लगभग 100 मीटर लंबाई में निर्मित सी.सी. पेवमेंट में कुछ स्थानों पर सतह खुरदरी हो रहीं है, जिसे ठीक कराया जावें।
2. मार्ग के कि.मी. 2 से 3/6 कि.मी. 4 का कुछ भाग एवं कि.मी. 5/4 से 6/6 एवं कि.मी. 12/4–6–8 में मार्ग के मध्य भाग से एक तरफ के हिस्से में डामरीकृत सतह में रफनेस देखी गयी। कि.मी. 8 एवं 9 में दो–तीन स्थानों पर छोटे–छोटे पोट होल्स देखे गये है। इसी प्रकार ग्राम खेडाखजुरिया के प्रारंभ में लगभग 50–60 मीटर लम्बाई में ज्यादा पेचेंस देखे गये, उसे भी ठीक कराया जावें।
3. मार्ग के कि.मी. 7 में स्थित ग्राम जगोटी में निर्मित सी.सी. पेवमेंट में भी कुछ स्थानों पर सतह खुरदरी हो रहीं है, जिसे ठीक कराया जावें। ग्राम जगोटी में आबादी क्षेत्र में जो गतिरोधक बने है उन पर व्यवस्थित रूप से पेंटिंग का कार्य तत्काल कराया जावें, ताकि सडक पर निकलने वाले वाहनों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। इसी गांव में निर्मित व्ही.सी.डब्ल्यु. के उपर निर्मित व्हीलगार्ड क्षतिग्रस्त हो रहें है, उन्हें ठीक कराया जावें।
4. मार्ग के कि.मी. 10 एवं 11 के बांयी तरफ निर्मित पटरी की चौडाई कुछ कम है, उसको ठीक कराने की आवश्यकता है। इसी प्रकार मार्ग की पटरी पर कई स्थानों पर छोटी–छोटी झाडियॉ एवं घांस उग आई है, उसको भी ठीक कराया जावें।
5. अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग के कि.मी. 13, 14, एवं 15 में पूर्व से निर्मित सी.सी. पेवमेंट को यथास्थिति में रखा गया है। वर्तमान ठेकेदार से इन भागों में केवल 0.75 मीटर की चौडाई में चौडीकरण का कार्य किया गया है। पूर्व से निर्मित सी.सी. पेवमेंट की सतह कई स्थानों पर रफ हो चुकी है एवं कई स्थानों पर क्रेक्स भी देखे गये है। कि.मी. 14/10 एवं 15/2 में तो पोट होल्स भी देखे गये है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कि.मी. 13/10 में पूर्व से निर्मित व्ही.सी.डब्ल्यु. को यथास्थिति में रखा गया है। इस व्ही.सी.डब्ल्यु. के वेयरिंग कोट की सतह भी काफी जगह पर खुरदरी हो चुकी है। कार्यपालन यंत्री स्वयं इनका विस्तृत निरीक्षण कर इनको ठीक करने के लिये आवश्यक प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें।

निरन्तर—2—

6. मार्ग के कि.मी. 6 के दांयी तरफ भाग की कुछ लंबाई में पटरी के काफी समीप निजी व्यक्तियों द्वारा फेंसिंग के खम्बे लगा दिये गये है जिससे दुर्घटना की सम्भावना बन रहीं है, उसको तत्काल हटवाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार ग्राम जगोटी के प्रारंभ में पटरी के उपर ग्रामवासियों द्वारा काफी मात्रा में मटेरियल डाल रखा है, इस संबंध में भी उपयंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी पंचायत से सम्पर्क कर इसको हटाने की कार्यवाही करें।

हस्ता/-
(आर.के. जैन)
अधीक्षण यंत्री
लोक निर्माण विभाग उज्जैन मंडल उज्जैन

पृ.क्रमांक 526 /कार्य/निरीक्षण टीप/उज्जैन/20–21 उज्जैन दिनांक 03/02/2021
प्रतिलिपि :–

1. मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र उज्जैन की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवं लेख है उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन 15 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
3. अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग महिदपुर की ओर सूचनार्थ एवं लेख है उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन 15 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

R.K. Jain 3.2.21
(आर.के. जैन)
अधीक्षण यंत्री
लोक निर्माण विभाग उज्जैन मंडल उज्जैन